# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 15-21 नवम्बर 2018

**प्रिय पाठकों,**

**यह** साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **तीसरे सप्ताह** (15-21) **नवम्बर** 2018 में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है यह फ़ाइल बैंकिंग साक्षात्कार और आगामी बैंकिंग परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. भारतीय रिजर्व बैंक ने किन दो ऋणदाताओं पर विभिन्न मानदंडों की अवज्ञा के लिए 3 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है _____ **ड्यूश बैंक और जम्मू-कश्मीर बैंक।**

   **नोट:**

   ➢ भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि इन दोनों बैंकों पर बैंक द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पालन करने में विफलता को ध्यान में रखते हुए जुर्माना लगाया गया है।

2. कर्नाटक बैंक ने कौन सी नई बचत बैंक (एस.बी) योजना शुरु की_____ **KBL SB – TASC.**

3. भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (ए.डी.बी) ने किसे सहायता प्रदान करने के लिए 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं____ भारतीय अवसंरचना वित्त कंपनी लिमिटेड (आई.आई.एफ.सी.एल)।

   **नोट:**

   ➢ यह प्रॉजेक्ट पी.पी.पी परियोजनाओं के लिए दीर्घकालिक वित्तीय उपलब्धता में वृद्धि करेगा, आई.आई.एफ.सी.एल की परिचालन क्षमता में सुधार करेगा और आई.आई.एफ.सी.एल के लिए उपलब्ध अवसंरचना वित्त-पोषी उपकरणों के पोर्टफोलियो का विस्तार करेगी।

   ➢ यह प्रॉजेक्ट निजी क्षेत्र में निवेश वृद्धि के माध्यम से अवसंरचना विकास में तेजी लाने के लिए भारत सरकार के नए प्रयासों का समर्थन करता है।

4. जलविद्युत आपूर्ति में वृद्धि के लिए हिमाचल प्रदेश में संचरण प्रणाली सुधार को वित्त पोषित करने हेतु भारत के साथ 105 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर किसने हस्ताक्षर किए __ **एशियाई विकास बैंक (ए.डी.बी)।**

   **नोट:**

   ➢ ऋण समझौते पर हस्ताक्षर वित्त मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव **समीर कुमार खरे**, ए.डी.बी के भारत स्थानिक मिशन के निदेशक, **केनिची योकोयामा** द्वारा किए गए।

5. लघु एवं मध्यम उद्यमों (एस.एम.ई) और किफायती आवास क्षेत्रों के लिए दो फंड किसने शुरु किए हैं ____**SBICAP Ventures (SVL).**

   **नोट:**

   ➢ यह एक वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधक और एस.बी.आई कैपिटल मार्केट के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

6. फिच रेटिंग के अनुसार, भारत की सॉवरेन रेटिंग____ **BBB.**

   **नोट:**

- एजेंसी ने कहा कि अर्थव्यवस्था वर्ष 2018-19 और वर्ष 2019-20 के दौरान विमुद्रीकरण और जी.एस.टी के किसी भी दूरगामी प्रभाव को दूर कर देगी।
- "फिच ने वित्त वर्ष 19 में 7.3% की वृद्धि और वित्त वर्ष 20 में 7.5% की वृद्धि की भविष्यवाणी की।
- फिच ने वर्ष 2004 में अपग्रेड के बाद से देश को पहली सॉवरेन रेटिंग दी।

7. अधिक खराब ऋणों के समाधान के लिए एक **परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी** (ए.एम.सी) का गठन किया गया है जिसे कहा जाएगा___ **सशक्त भारत परिसंपत्ति प्रबंधन।**

**नोट:**

- बैंकर समिति के अध्यक्ष **सुनील मेहता** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में तनावग्रस्त परिसंपत्तियों के शीघ्र समाधान पर कार्य कर रहे।
- प्रॉजेक्ट के तहत, समिति को 500 करोड़ रुपये से अधिक की गैर निष्पादित संपत्ति (एन.पी.ए) के समाधान के लिए ए.एम.सी और ए.आई.एफ को कार्यान्वित करना पड़ा।
- मेहता समिति में भारतीय स्टेट बैंक (एस.बी.आई) सहित सभी प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

8. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एन.एस.ई) ने सरकारी प्रतिभूतियों को खरीदने के लिए खुदरा निवेशकों हेतु कौन सा मोबाइल एप्लिकेशन और वेब-आधारित प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है____ **NSE goBID.**

**नोट**:

- प्लेटफॉर्म खुदरा निवेशकों को 91 दिनों, 182 दिनों और 364 दिनों के ट्रेजरी बिलों (टी-बिल) और एक वर्ष से लगभग 40 वर्ष तक के विभिन्न सरकारी बांडों में निवेश करने की अनुमति देगा।

9. किस बैंक ने बटन वाला भारत का पहला इंटरैक्टिव क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है_____ **इंडसइंड बैंक।**

**नोट:**

- इंडसइंड बैंक ने इंडसइंड बैंक Nexxt क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है, जो ग्राहकों को कार्ड में लगे बटन को दबाते ही प्वाइंट ऑफ सेल (पी.ओ.एस) पर ई.एम.आई, रिवार्ड पॉइंट्स या ऋण जैसे भुगतान विकल्पों के चयन में सक्षम बनाता है।
- बैंक ने दावा किया है कि यह बटन वाला देश का पहला इंटरैक्टिव क्रेडिट कार्ड होगा।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. विश्व दर्शनशास्त्र दिवस मनाया जाता है_______15 **नवंबर।**

**नोट:**

- **यूनेस्को** द्वारा नवंबर के प्रत्येक तीसरे गुरुवार को **विश्व दर्शनशास्त्र दिवस** घोषित किया गया था।
- यह लोगों के लिए विचारों को साझा करने, स्पष्ट रूप से नए विचारों का पता लगाने और चर्चा करने तथा समाज की चुनौतियों पर सार्वजनिक बहस या चर्चा को प्रेरित करने का दिवस है।
- वर्ष 2002 में, यूनेस्को ने पहली बार विश्व दर्शनशास्त्र दिवस के लिए नवंबर के तीसरे गुरुवार की घोषणा की थी।

2. अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस हर वर्ष मनाया जाता है_____**16 नवंबर।**

**नोट:**

- अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस असहिष्णुता के खतरों के बारे में जन जागरूकता पैदा करने के लिए वर्ष 1995 में यूनेस्को द्वारा घोषित वार्षिक दिवस है।

3. दुनिया भर में विश्व शौचालय दिवस मनाया जाता है___**19 नवंबर।**

**नोट:**

- वर्ष 2018 का विषय **'प्रकृति-आधारित समाधान'** (Nature-based solutions) है।
- इस दिवस का उद्देश्य वैश्विक स्वच्छता संकट से निपटने के लिए क्रिया-कलापों को प्रोत्साहित करना है। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य 6 (एस.डी.जी 6) का उद्देश्य वर्ष 2030 तक सभी के लिए स्वच्छता एवं पानी की उपलब्धता और सतत प्रबंधन सुनिश्चित करना है।

4. देश भर में कौमी एकता सप्ताह (राष्ट्रीय एकता सप्ताह) मनाया जाता है____ **19 से 25 नवंबर, 2018।**

**नोट:**

- धर्मनिरपेक्ष निर्माण के लिए संभावित खतरों के विरोध में देश की ताकत और लचीलापन को उजागर करने के लिए यह सप्ताह मनाया जाता है।

5. दुनिया भर में विश्व बाल दिवस मनाया गया_____**20 नवंबर।**

**नोट:**

- वर्ष 2018 का विषय 'Children are taking over and turning the world blue' है।
- अंतर सरकारी संगठन पूरे विश्व में व्यक्तियों, विद्यालयों और निगमों को इस विश्व बाल दिवस पर 'Go Blue' हेतु प्रोत्साहित कर रहा है ताकि वे ऐसी दुनिया का निर्माण कर सके जहां हर बच्चा विद्यलाय जाता हो और वह अनिष्ट से सुरक्षित हो।

6. विश्व मत्स्यपालन दिवस (डब्ल्यू.एफ.डी) पूरे विश्व में मनाया जाता है____**21 नवंबर।**

**नोट:**

- यह दिवस मानव जीवन, पानी और पानी के अंदर और बाहर दोनों स्थान पर जीवन के महत्व को उजागर करने में सहायता करता है।
- कृषि मंत्री **राधा मोहन सिंह** के अनुसार, 7,522 करोड़ रुपये के मत्स्यपालन एवं जल-कृषि अवसंरचना विकास कोष से उत्पादन में वृद्धि होगी और अधिक नौकरियों का सृजन होगा।

## श्रद्धांजलियां

1. एशिया की पहली महिला न्यूरोसर्जन जिनका चेन्नई में निधन ____**टी.एस. कनाका।**

**नोट:**

- डॉ. कनाका वर्ष 1990 में मद्रास मेडिकल कॉलेज (एम.एम.सी) के न्यूरोलॉजी संस्थान की न्यूरोसर्जरी प्रोफेसर के रूप में सेवानिवृत्त हुईं थीं।
- वह देश में न्यूरोसर्जरी क्षेत्र को अपनाने के लिए कई महिलाओं की प्रेरणा के रूप में जानी जाती थीं।

- "वह पूरे विश्व में तीसरी महिला न्यूरोसर्जन थीं।

2. विज्ञापन गुरु जिनका मुंबई में निधन हो गया ___**एलीक पदमसी।**

**नोट:**

- श्री पदमसी ऐतिहासिक नाटक "गांधी" (वर्ष 1982 में) में मोहम्मद अली जिन्ना की भूमिका के लिए सर्वाधिक लोकप्रिय थे।
- उन्हें पद्मश्री (वर्ष 2000 में) से सम्मानित किया गया, मुंबई में द एडवर्टाइजिंग क्लब द्वारा एडवर्टाइजिंग मैन ऑफ द सेंच्युरी का खिताब दिया गया।

3. महावीर चक्र पुरस्कार विजेता ब्रिगेडियर जिनका पंजाब के मोहाली स्थित एक निजी अस्पताल में निधन हो गया __ **कुलदीप सिंह चांदपुरी (सेवानिवृत्त)।**

**नोट:**

- श्री चांदपुरी को वर्ष 1971 की लोंगेवाला की लड़ाई के नायक के रूप में जाना जाता है।
- **लोंगेवाला की लड़ाई** वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान पश्चिमी क्षेत्र में पहली बड़ी लड़ाईयों में से एक थी, जो राजस्थान के थार मरुस्थल में भारतीय सीमा की लोंगेवाला पोस्ट पर पाकिस्तानी सेनाओं और भारतीय रक्षकों के बीच लड़ी गई थी।

4. त्रिवेणी धाम के सम्मानित संत जिनका जयपुर में निधन हो गया___**नारायण दास महाराज।**

**नोट:**

- उन्हें जनवरी, 2018 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।
- उन्होंने संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना की और फिर इसे राजस्थान सरकार को सौंप दिया।

5. केरल से लोकसभा सांसद जिनका चेन्नई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया___**एम.आई. शानवास।**

**नोट:**

- वह वर्ष 2009 में और फिर वर्ष 2014 में लोकसभा के लिए चुने गए थे।
- वर्तमान में, वह केरल प्रदेश कांग्रेस समिति (के.पी.सी.सी) के अध्यक्ष पद पर काम कर रहे थे।

## नई नियुक्तियां

1. मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के 24वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसने शपथ ग्रहण की___**न्यायमूर्ति संजय कुमार सेठ।**

**नोट:**

- राज्य की राज्यपाल **आनंदी बेन पटेल** ने एक समारोह में न्यायमूर्ति सेठ को पद की शपथ दिलाई।
- उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनने से पहले, उन्होंने एक अतिरिक्त महाधिवक्ता के रूप में कार्य किया था।
- उन्हें 24 जुलाई, 1981 को एक वकील के रूप में नामांकित किया गया था और उन्होंने जबलपुर में अभ्यास किया।

2. रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का अतिरिक्त पदभार किसने संभाला___**डी.वी. सदानंद गौड़ा।**

**नोट:**

- अनंत कुमार के निधन के बाद इस कदम की आवश्यकता थी।

- वह वर्तमान में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री हैं।

3. यस बैंक के अध्यक्ष पद से किसने इस्तीफा दिया__**अशोक चावला।**

   **नोट:**
   - एयरसेल-मैक्सिस मामले के भ्रष्टाचार आरोप पत्र में नाम आने के बाद चावला के पद पर बने रहने के संबंध में बैंक द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक से राय मांगने के कुछ दिन बाद उनका इस्तीफा आया।
   - चावला, वित्त मंत्रालय के पूर्व सचिव, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

4. न्यायमूर्ति अमरेश्वर प्रताप साही ने किस उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली______**पटना उच्च न्यायालय।**

   **नोट:**
   - बिहार के राज्यपाल **लालजी टंडन** ने पद की शपथ दिलाई।
   - पटना उच्च न्यायालय बिहार राज्य का उच्च न्यायालय है, जिसकी स्थापना 3 फरवरी, 1916 को हुई थी।

5. यू.आई.डी.ए.आई प्रमुख अजय भूषण पांडे किस सचिव पद पर नियुक्त किए जाएंगे _____**राजस्व सचिव।**

   **नोट:**
   - वह वर्तमान वित्त एवं राजस्व सचिव हसमुख अधिया (30 नवंबर, 2018 को सेवानिवृत्त) की जगह लेंगे।
   - श्री पांडे अगले आदेश तक यू.आई.डी.ए.आई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और माल एवं सेवा कर नेटवर्क (जी.एस.टी.एन) के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे।

6. भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आई.डब्ल्यू.ए.आई) का अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया है___**जलज श्रीवास्तव।**

   **नोट:**
   - वर्तमान में श्री श्रीवास्तव कृषि मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्य कर रहे हैं।
   - आई.डब्ल्यू.ए.आई केंद्रीय परिवहन, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आई.आई.टी.एफ) 2018 का 38वां संस्करण कहां पर स्थित प्रगति मैदान में शुरु हुआ___ **नई दिल्ली।**

   **नोट:**
   - **भारत व्यापार संवर्धन संगठन** (आई.टी.पी.ओ) का प्रमुख समारोह 14 से 27 नवंबर 2018 तक जारी रहेगा।
   - सहयोगी राष्ट्र इस्लामी गणराज्य अफगानिस्तान और केंद्रित देश संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य नेपाल है। केंद्रित राज्य झारखंड है।
   - आई.आई.टी.एफ का यह संस्करण विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह महात्मा गांधी की 150वीं जयंती समारोह के आरंभ को दर्शाता है।

2. किस एम.ओ.ओ.सी प्लेटफॉर्म का उपयोग करके 15 लाख उच्च शिक्षा संकाय के ऑनलाइन पेशेवर विकास की एक अनूठी पहल शुरू की गई___**स्वयं (SWAYAM)।**

**नोट:**

- मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने लीडरशिप फॉर ऐकैडमीशियम प्रोग्राम (LEAP) भी शुरू किया जिसे आई.आई.टी, टी.आई.एस.एस, डी.यू, जे.एन.यू और आई.आई.एस.ई.आर जैसे 15 शीर्ष संस्थानों के माध्यम से लागू किया जाएगा और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, पुरड्यू यूनिवर्सिटी और एन.टी.यू सिंगापुर जैसे अन्य विश्वविद्यालयों के बीच विदेशी परिसर में एक सप्ताह का प्रशिक्षण भी शामिल किया जाएगा।

3. कृषि मंत्री **राधा मोहन सिंह** ने युवाओं को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में सहकारी व्यावसायिक उद्यमों में शामिल करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कौन सी स्टार्ट-अप योजना शुरू की___**युवा सहकार।**

**नोट:**

- यह योजना एन.सी.डीसी द्वारा सृजित 1000 करोड़ रुपये के सहकारी स्टार्ट-अप एवं नवाचार कोष (सी.एस.आई.एफ) से जोड़ी जाएगी।
- कृषि मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एन.सी.डी.सी) ने युवा सहकार-सहकारी उद्यम समर्थन एवं नवाचार योजना शुरू की है।

4. इसरो द्वारा प्रक्षेपित **GSLV-Mk III D2** किस उपग्रह को ले गया___**GSAT 29 उपग्रह।**

**नोट:**

- **'इसरो'** का जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल मार्क III (GSLV-Mk III D2) - अपनी दूसरी उन्नतशील उड़ान पर बंगाल की खाड़ी के तट पर आंध्र प्रदेश में भारत के रॉकेट पोर्ट **श्रीहरिकोटा** से प्रक्षेपित किया गया।
- भारत के इस सबसे वजनी रॉकेट को **"बाहुबली"** कहा जाता है।
- इसमें अपने साथ **Ka / Ku-बैंड** उच्च प्रवाह क्षमता का संचार ट्रांसपोंडर ले गया, जिसका उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों सहित उपयोगकर्ताओं की संचार आवश्यकताओं को पूरा करना है।

5. दिल्ली पुलिस आयुक्त ने किस ई-लर्निंग पोर्टल को लॉन्च किया____**निपुण।**

**नोट:**

- ई-लर्निंग पोर्टल का उद्देश्य विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए विशेष पाठ्यक्रमों के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण और जानकारी प्रदान करना है।
- इससे कानून पर ऑनलाइन संसाधन और जानकारी, स्थायी आदेश, जांच सूची, मुकदमे की फाइलों के लिए फॉर्म, उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालन के नवीनतम फैसले प्रदान करके विभिन्न मामलों की जांच करने वाले पुलिस अधिकारियों को लाभ मिलेगा।

6. हिमालयी राज्य क्षेत्रीय परिषद का गठन किसने किया___**नीति आयोग।**

**नोट:**

- परिषद, जिसके अध्यक्ष नीति आयोग सदस्य वी.के. सारस्वत होंगे, में 12 हिमालयी राज्यों के मुख्य सचिवों साथ-साथ केंद्रीय मंत्रालयों के सचिव शामिल होंगे।
- यह पांच कार्यकारी समूहों की रिपोर्ट के आधार पर पहचाने गए कार्य बिंदुओं की समीक्षा और कार्यान्वयन करेगी।

7. हाथियों के लिए भारत का पहला विशेष अस्पताल औपचारिक रूप से कहां खोला गया___**मथुरा।**

**नोट:**

- अस्पताल का निर्माण घायल, बीमार या बूढ़े हाथियों के इलाज के लिए किया गया है और यह हाथियों को उठाने वाले चिकित्सा उपकरण से सुसज्जित है।

8. 6वीं भारतीय सामाजिक कार्य कांग्रेस (आई.एस.डब्ल्यू.सी) 2018 कहां आयोजित की गई___**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- 6वीं आई.एस.डब्ल्यू.सी 2018 का विषय "मानव विकास और सामाजिक समावेश: सामाजिक कार्य शिक्षा और अभ्यास के लिए अनिवार्य" (Human Development and Social Inclusion: Imperatives for Social Work Education and Practice) था।
- इसे भारत में पेशेवर सामाजिक कार्यकर्ताओं के राष्ट्रीय संघ (एन.ए.पी.एस.डब्ल्यू.आई) और सामाजिक कार्य विभाग (दिल्ली स्कूल ऑफ सोशल वर्क), दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।

9. देश भर में अपना पहला प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मनाने वाला मंत्रालय ___**आयुष मंत्रालय।**

**नोट:**

- पूरे देश से 1000 से अधिक प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिसे आयुष मंत्रालय के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संगठन द्वारा आयोजित किया गया था।
- पुणे, गोवा, दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक, केरल और आंध्र प्रदेश में प्राकृतिक चिकित्सा क्लीनिक बनाने पर काम पहले ही प्रगति पर है।

10. दो दिवसीय **राष्ट्रीय महिला पुलिस सम्मेलन** (एन.सी.डब्ल्यू.पी) कहां शुरू हुआ ______**रांची।**

**नोट:**

- सम्मेलन का आयोजन झारखंड पुलिस के सहयोग से पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो द्वारा किया जा रहा है।
- महिला पुलिस के मुद्दों के समाधान के लिए यह एकमात्र राष्ट्रीय स्तर का मंच है और उनकी व्यावसायिक क्षमता को अधिकतम और अनुकूलित करने के लिए एक सक्षम माहौल तैयार करता है।

11. अंतर्राष्ट्रीय बाल रंगमंच महोत्सव का 14वां संस्करण कहां आयोजित हुआ______**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- **जश्न-ए-बचपन** (बच्चों के लिए रंगमंच महोत्सव) का 14वां संस्करण नई दिल्ली में सम्मुख, अभिमंच, अभिकल्प और लिटिल थिएटर ग्रुप (एल.टी.जी) ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया।
- जश्न-ए-बचपन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा आयोजित किया गया।

12. केंद्रीय मंत्री **सुरेश प्रभु** और **जयंत सिन्हा** ने संयुक्त रूप से नई दिल्ली में किस वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप का अपग्रेड संस्करण लॉन्च किया _____**एयर सेवा 2.0.**

**नोट:**

- यह उन्नत कार्यक्षमता के साथ बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए एयर सेवा 1.0 का एक अपग्रेड किया गया संस्करण है।
- एयर सेवा का अपग्रेड संस्करण यात्रियों को एक सुविधाजनक और परेशानी मुक्त हवाई यात्रा अनुभव प्रदान करेगा।
- एयर सेवा 1.0 के लॉन्च होने के बाद इसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी, इसके लॉन्च के बाद लगभग 30,000 ऐप डाउनलोड किए गए और वेब पोर्टल पर लगभग 75,000 हिट्स प्राप्त हुए।

13. केंद्रीय मंत्री **डॉ. जितेंद्र सिंह** ने किसके द्वारा लिखित पुस्तक **'रेडियो कश्मीर इन टाइम्स ऑफ पीस एंड वॉर'** का विमोचन किया ____**डॉ. राजेश भट्ट।**

**नोट:**

- यह पुस्तक वर्ष 1947 में रेडियो कश्मीर की स्थापना के बाद से कश्मीर के लोगों की सेवा और कश्मीर में लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत बनाने में रेडियो कश्मीर द्वारा निभाई गई भूमिका को बताती है।

## राज्य समाचार

1. झारखंड राज्य ने अपना 18वां स्थापना दिवस कब मनाया___**15 नवंबर, 2018.**

**नोट:**

- झारखंड राज्य की स्थापना 15 नवंबर, 2000 को बिहार के दक्षिणी भाग से की गई थी।
- मुख्यमंत्री **रघुबर दास** ने झारखंड को खुले में शौचालय मुक्त (ओ.डी.एफ) घोषित किया।

2. राज्य में डेयरी किसानों को बीमा कवरेज प्रदान करने के लिए **'गाय समृद्धि प्लस योजना'** शुरू करने वाली राज्य सरकार ___**केरल सरकार।**

**नोट:**

- यह डेयरी किसानों को निम्न प्रीमियम दरों पर बीमा कवरेज प्रदान करेगी।
- सामान्य श्रेणी से संबंधित किसानों को प्रीमियम पर 50% सब्सिडी मिलेगी जबकि अनुसूचित जाति (एस.सी) और अनुसूचित जनजाति (एस.टी) श्रेणी के लोगों को प्रीमियम पर 70% सब्सिडी मिलेगी।

3. पंद्रह दिवसीय आदि महोत्सव पर्व कहां शुरू हुआ_____**दिल्ली।**

**नोट:**

- इस कार्यक्रम में 23 राज्यों से 600 से अधिक कारीगर भाग लेंगे।
- महोत्सव का विषय 'आदिवासी संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और वाणिज्य की भावना का उत्सव' है।

4. केंद्र सरकार ने **राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष** (एन.डी.आर.एफ) के माध्यम से किसे 546 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता मंजूर की ____**कर्नाटक।**

**नोट:**

- यह निर्णय वर्ष 2018-19 के दौरान बाढ़ से प्रभावित राज्य को अतिरिक्त केंद्रीय सहायता प्रदान करने पर विचार हेतु गृह मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति द्वारा लिया गया था।
- **राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल** (एन.डी.आर.एफ) आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत 'एक भयानक आपदा परिस्थिति या आपदा के लिए विशेषज्ञ प्रतिक्रिया के उद्देश्य से गठित' एक विशेष बल है।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहां पर आयोजित आसियान-भारत ब्रेकफास्ट शिखर सम्मेलन में भाग लिया_____**सिंगापुर।**

**नोट:**

- **दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्र संगठन** (आसियान) एक क्षेत्रीय अंतर सरकारी संगठन है जिसमें 10 दक्षिणपूर्व एशियाई देश शामिल हैं, जो अंतर सरकारी सहयोग को बढ़ावा देते हैं और अपने सदस्यों राष्ट्रों और अन्य एशियाई देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, सुरक्षा, सैन्य, शैक्षणिक और सामाजिक-सांस्कृतिक एकीकरण की सुविधा प्रदान करते हैं।
- आसियान के सदस्य देश **इंडोनेशिया, थाईलैंड, सिंगापुर, मलेशिया, फिलीपींस, वियतनाम, म्यांमार, कंबोडिया, ब्रुनेई** और **लाओस** हैं।

2. बिजली की बढ़ती मांग के बीच वर्ष 2030 से पहले अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए बिजली क्षेत्र से कार्बन डाइऑक्साइड का दूसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक राष्ट्र कौन बन जाएगा ___**भारत।**

**नोट:**

- पेरिस स्थित आई.ई.ए ने रिपोर्ट में कहा कि भारत के बिजली क्षेत्र से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन वर्ष 2040 तक लगभग 80 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि वायु अनुकूलन द्वारा संचालित बिजली का उपयोग लगभग तीन गुना हो गया है।
- **चीन सबसे बड़ा उत्सर्जक देश** बना रहेगा।
- रिपोर्ट के अनुसार, बिजली की मांग और उत्सर्जन में उछाल के बाद भी, भारत की प्रति व्यक्ति बिजली खपत दुनिया के सबसे निचले स्तर पर रहेगी।

3. विश्व सहिष्णुता शिखर सम्मेलन पहली बार कहां शुरु हुआ____**यू.ए.ई, दुबई।**

**नोट:**

- दो दिवसीय शिखर सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के अनुरूप किया जा रहा है।
- शिखर सम्मेलन का विषय 'अनेकता से समृद्धि : नवाचार एवं सहयोग के माध्यम से विविधता को अपनाना' (Prospering from Pluralism: Embracing Diversity through Innovation and Collaboration) था।

4. ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने किस विशेषण को **वर्ड ऑफ द ईयर** घोषित किया है______**toxic.**

**नोट:**

- विशेषण 'Toxic' को 'विषाक्त' के रूप में परिभाषित किया जाता है।
- शब्द 'Toxic' को उस संक्षिप्त सूची से चयनित किया गया था जिसमें **'gaslighting,' 'incel'** और **'techlash** जैसे शब्द शामिल थे।

5. भारत और यूनाइटेड किंगडम ने किसमें सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू) पर हस्ताक्षर किए हैं___**कैंसर अनुसंधान।**

**नोट:**

- अगले पांच वर्षों के लिए कैंसर अनुसंधान में सहयोग की दृष्टि से भारत-यू.के. कैंसर अनुसंधान पहल के लिए जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डी.बी.टी) और कैंसर रिसर्च यू.के (सी.आर.यू.के) के बीच एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किए गए थे।

6. कहां पर आयोजित **एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग** (ए.पी.ई.सी) शिखर सम्मेलन नेताओं के साथ औपचारिक संयुक्त अभिव्यक्ति पर सहमत होने में असफल रहा _____**पपुआ न्यू गिनी।**

**नोट:**

- एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (ए.पी.ई.सी) एशिया-प्रशांत की बढ़ती आपसी निर्भरता का लाभ उठाने के लिए वर्ष 1989 में स्थापित एक क्षेत्रीय आर्थिक मंच है। ए.पी.ई.सी के 21 सदस्य राष्ट्र हैं।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. किस शिक्षाविद् को प्रतिष्ठित **ग्लोबल एजुकेशन लीडर अवॉर्ड 2018** से सम्मानित किया गया___**डॉ. सरोज सुमन गुलाटी।**
   **नोट:**
   - डॉ. गुलाटी को पुरस्कार 'K-12 शिक्षा और कला एवं संस्कृति के प्रचार' में उनके अनुकरणीय योगदान के सम्मान में प्रदान किया गया।
   - डॉ. गुलाटी (ब्लू बेल्स ग्रुप ऑफ स्कूल की निदेशक) भारत के उन नौ प्रतिष्ठित शिक्षा मार्गदर्शकों में से एक थीं जिन्हें शिक्षा और सामाजिक विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया था।
2. राजा राम मोहन रॉय पुरस्कार से सम्मानित अनुभवी पत्रकार ___**एन. राम।**
   **नोट:**
   - प्रख्यात पत्रकार **एन. राम** को **राजा राम मोहन रॉय पुरस्कार** की प्रतिष्ठित पुरस्कार श्रेणी के तहत चयनित किया गया है।
   - **रुबी सरकार** (देशबंधु भोपाल के मुख्य संवाददाता) और **राजेश जोशटे** (रत्नागिरी में दैनिक पुधारी) ग्रामीण पत्रकारिता की श्रेणी में इस पुरस्कार को साझा करेंगे।
   - एन. राम **हिंदू प्रकाशन समूह** के अध्यक्ष हैं।
3. शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए **2018 इंदिरा गांधी पुरस्कार** किसने जीता___**विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र (सी.एस.ई)**
   **नोट:**
   - सी.एस.ई की स्थापना 1980 में स्वर्गीय **अनिल अग्रवाल** के नेतृत्व में हुई थी और वर्तमान में इसकी अध्यक्ष **सुनीता नारायण** हैं।
   - **इंदिरा गांधी पुरस्कार** अंतर्राष्ट्रीय शांति, विकास और एक नए अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक क्रम को बढ़ावा देने के रचनात्मक प्रयासों को सम्मानित करने के लिए व्यक्तियों या संगठनों को इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा वार्षिक रूप से प्रदान किया जाने वाला पुरस्कार है।
   - इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार हर वर्ष इंदिरा गांधी ट्रस्ट द्वारा स्वर्गीय प्रधान मंत्री की जयंती पर प्रदान किया जाता है।
4. 49वां **भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव** (आई.एफ.एफ.आई) कहां पर स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में प्रारंभ हुआ___**पणजी (गोआ)।**
   **नोट:**
   - **मलयालम फिल्म ओलू** (शाजी करुण द्वारा निर्देशित) इंडियन पैनोरमा के फीचर फिल्म खंड की पहली फिल्म होगी।

- वर्ल्ड पैनोरमा खंड विभिन्न देशों की 15 ऑस्कर नामित फिल्मों सहित 67 फिल्में दिखाएगा।
- इस वर्ष इजराइल केंद्रित देश और झारखंड केंद्रित राज्य है।
- अनुभवी इजराइली फिल्म निर्माता डैन वोलमैन को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा।
- इस वर्ष आई.एफ.एफ.आई **खेलो इंडिया पहल** के विस्तार के रूप में छह भारतीय खेल बायोपिक्स (गोल्ड, मैरी कॉम, भाग मिल्खा भाग, 1983, एम.एस.डी: द अनटोल्ड स्टोरी और सूरमा) दिखाएगा।

## खेल समाचार

1. भारत के यूनिसेफ युवा राजदूत के रूप में किसे चुना गया____**हिमा दास।**

   **नोट:**
   - हिमा दास ने आई.ए.ए.एफ विश्व चैम्पियनशिप 2018 में भारत की पहली ट्रैक एंड फील्ड स्वर्ण पदक विजेता बनकर इतिहास रचा था।
   - उन्होंने 2018 एशियाई खेलों में महिलाओं की 4 x 400 मीटर रिले प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक भी जीता था।
   - वह असम के नगांव जिले के धींग गांव के एक किसान की पुत्री हैं।
2. स्वास्थ्य कारणों से सन्यास की घोषणा करने वाली पोलैंड की टेनिस खिलाड़ी __**एग्निएज़्का रैंडवांसका।**

   **नोट:**
   - वर्ष 2012 में करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग (दूसरी) पर पहुंचने वाली रैंडवांसका ने पिछले वर्ष स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत की थी, जिसमें वायरस रोग भी शामिल था, जिसके तहत उन्हें एंटीबायोटिक्स का उपयोग करना पड़ा था।
   - वह वर्ष 2018 में फॉर्म के लिए संघर्ष कर रहीं थीं, जिसमें वह शीर्ष 30 रैंकिंग से वर्ष की शुरुआत करने के बाद 75वीं विश्व रैंक पर पहुंच गईं।
3. विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप का 10वां संस्करण कहां शुरू हुआ____**दिल्ली।**

   **नोट:**
   - टूर्नामेंट का यह 10वां संस्करण अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट है क्योंकि 72 देशों के 300 से अधिक मुक्केबाज इसमें भाग लेंगे।
   - 10वां संस्करण का मुख्य आकर्षण यह होगा कि इसमें नए देश-स्कॉटलैंड, माल्टा, बांग्लादेश, केमैन द्वीप समूह, डी.आर. कांगो, मोजाम्बिक, सिएरा लियोन और सोमालिया-अपना पदार्पण कर रहे हैं।
4. सात क्लबों के लिए 700 से अधिक मैच खेलने के बाद सन्यास की घोषणा करने वाले इंग्लैंड के पूर्व मिडफील्डर___**जो कोल।**

   **नोट:**
   - कोल ने 716 पेशेवर मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने सात क्लबों के लिए 104 गोल किए और इंग्लैंड की ओर से उनके 56 गोल तीन विश्व कप टूर्नामेंट में छाए रहे।
   - उन्होंने 19 वर्ष की आयु में अपना अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण किया, जब उन्हें हैमर में इंग्लैंड की सबसे महान युवा प्रतिभाओं में से एक माना गया था।

5. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर ___**जॉन हेस्टिंग्स।**

**नोट:**

- उनका अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच वर्ष 2017 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ खेला गया एक दिवसीय मैच था।
- हेस्टिंग्स ने एक टेस्ट, 29 एकदिवसीय और नौ टी-20 खेले हैं।

6. 150-अप फॉर्मेट में अपना **तीसरा आई.बी.एस.एफ बिलियर्ड्स खिताब** जीतने वाले भारत के शीर्ष बिलियर्ड्स खिलाड़ी ___**पंकज आडवाणी।**

**नोट:**

- इससे पहले, उन्होंने पिछले वर्ष दोहा में यही कारनामा करने से पहले वर्ष 2016 में अपने गृह नगर बेंगलुरू में जीत हासिल की थी।

7. बेलारूस के मिन्स्क में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस फेडरेशन चैलेंज बेल्गोस्त्रख बेलारूस ओपन के अंडर -21 एकल वर्ग में कांस्य पदक किसने हासिल किया ___**मानव ठक्कर।**

**नोट:**

- मानव स्वर्ण पदक से चूकते हुए सेमीफाइनल में रूस के डेनिस इवोनीन से हार गए थे।

8. ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा स्टेडियम **मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड** (एम.सी.जी) पुरुषों और महिलाओं दोनों के विश्व ट्वेंटी -20 क्रिकेट के फाइनल मैच की मेजबानी करेगा ____**वर्ष 2020.**

**नोट:**

- आठ मेजबान शहर एडीलेड, ब्रिस्बेन, कैनबरा, जिलॉन्ग, होबार्ट, मेलबोर्न, पर्थ और सिडनी होंगे।
- मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड (एम.सी.जी) यार्रा पार्क, मेलबर्न, विक्टोरिया में स्थित एक ऑस्ट्रेलियाई स्पोर्ट्स स्टेडियम है।

9. ए.टी.पी 2018 चैंपियनशिप के विजेता ___**अलेक्जेंडर ज्वेरेव।**

**नोट:**

- **अलेक्जेंडर ज्वेरेव** (जर्मनी) ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को 6-4, 6-3 से हराकर ए.टी.पी फाइनल जीता।
- ज्वेरेव वर्ष 1995 में फ्रैंकफर्ट में बोरिस बेकर के बाद खिताब जीतने वाले पहले जर्मन खिलाड़ी और वर्ष 2008 में शंघाई में इसी उम्र में जोकोविच के जीतने के बाद सबसे युवा खिलाड़ी हैं।
- वर्ष **2018 ए.टी.पी वर्ल्ड टूर** 2018 टेनिस सीज़न के लिए एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल (ए.टी.पी) द्वारा आयोजित वैश्विक विशिष्ट वर्ग में पुरुषों का पेशेवर टेनिस सर्किट है।

10. नई दिल्ली के अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित लड़कों के जूनियर **सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट** का 59वां संस्करण किसने जीता ___**बांग्लादेश क्रीड़ा शिक्षा प्रतिष्ठान (बी.के.एस.पी)।**

**नोट:**

- बी.के.एस.पी ने एक एकमात्र गोल से अमीनी स्कूल (अफगानिस्तान) को हराया।
- अफगानिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल से आठ टीमों सहित टूर्नामेंट में कुल 95 टीमों और 1500 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

11. कनाडा के मार्कहम में ली निंग बी.डब्ल्यू.एफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2018 में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ___**लक्ष्य सेन।**

**नोट:**

- यह बी.डब्ल्यू.एफ विश्व जूनियर चैम्पियनशिप में लड़कों की ओर से भारत का एकल कांस्य पदक था।
- इससे पहले, आर.एम.वी गुरुसाईदत्त (2008), बी. साईं प्रणीत (2010), एच.एस. प्रणय (2010) और समीर वर्मा (2011) ने कांस्य पदक जीता है।
- सिरील वर्मा (2015) विश्व जूनियर चैंपियनशिप में लड़कों की श्रेणी में भारत के एकमात्र एकल रजत पदक विजेता है।

**---------------0--------------**